Prepp
Your Personal Exams Guide

# NTA UGC NET 2017 JANUARY TRIBAL & REGIONAL LANGUAGE/LITERATURE PAPER 3 SHIFT 1 QUESTION PAPER

**J A 0 7 0 1 7**

Time : **2 ½** hours] [Maximum Marks : **150**

Number of Pages in this Booklet : **32** | Number of Questions in this Booklet : **75**

## Instructions for the Candidates

1. Write your roll number in the space provided on the top of this page.
2. This paper consists of seventy five multiple-choice type of questions.
3. At the commencement of examination, the question booklet will be given to you. In the first 5 minutes, you are requested to open the booklet and compulsorily examine it as below :
   (i) To have access to the Question Booklet, tear off the paper seal on the edge of this cover page. Do not accept a booklet without sticker-seal and do not accept an open booklet.
   (ii) **Tally the number of pages and number of questions in the booklet with the information printed on the cover page. Faulty booklets due to pages/questions missing or duplicate or not in serial order or any other discrepancy should be got replaced immediately by a correct booklet from the invigilator within the period of 5 minutes. Afterwards, neither the Question Booklet will be replaced nor any extra time will be given.**
   (iii) After this verification is over, the Test Booklet Number should be entered on the OMR Sheet and the OMR Sheet Number should be entered on this Test Booklet.
   (iv) The test booklet no. and OMR sheet no. should be same. In case of discrepancy in the number, the candidate should immediately report the matter to the invigilator for replacement of the test booklet / OMR Sheet.
4. Each item has four alternative responses marked (1), (2), (3) and (4). You have to darken the circle as indicated below on the correct response against each item.
   **Example :** ① ② ● ④
   where (3) is the correct response.
5. Your responses to the items are to be indicated in the **OMR Sheet given inside the Booklet only.** If you mark your response at any place other than in the circle in the OMR Sheet, it will not be evaluated.
6. Read instructions given inside carefully.
7. Rough Work is to be done in the end of this booklet.
8. If you write your Name, Roll Number, Phone Number or put any mark on any part of the OMR Sheet, except for the space allotted for the relevant entries, which may disclose your identity, or use abusive language or employ any other unfair means, such as change of response by scratching or using white fluid, you will render yourself liable to disqualification.
9. You have to return the Original OMR Sheet to the invigilators at the end of the examination compulsorily and must not carry it with you outside the Examination Hall. You are, however, allowed to carry original question booklet on conclusion of examination.
10. **Use only Black Ball point pen.**
11. **Use of any calculator or log table etc., is prohibited.**
12. **There is no negative marks for incorrect answers.**
13. In case of any discrepancy in the English and Hindi versions, English version will be taken as final.

## परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. इस पृष्ठ के ऊपर नियत स्थान पर अपना रोल नम्बर लिखिए ।
2. इस प्रश्न-पत्र में पचहत्तर बहुविकल्पीय प्रश्न हैं ।
3. परीक्षा प्रारम्भ होने पर, प्रश्न-पुस्तिका आपको दे दी जायेगी । पहले पाँच मिनट आपको प्रश्न-पुस्तिका खोलने तथा उसकी निम्नलिखित जाँच के लिए दिये जायेंगे, जिसकी जाँच आपको अवश्य करनी है :
   (i) प्रश्न-पुस्तिका खोलने के लिए पुस्तिका पर लगी कागज की सील को फाड़ लें । खुली हुई या बिना स्टीकर-सील की पुस्तिका स्वीकार न करें ।
   (ii) **कवर पृष्ठ पर छपे निर्देशानुसार प्रश्न-पुस्तिका के पृष्ठ तथा प्रश्नों की संख्या को अच्छी तरह चैक कर लें कि ये पूरे हैं । दोषपूर्ण पुस्तिका जिनमें पृष्ठ/प्रश्न कम हों या दुबारा आ गये हों या सीरियल में न हों अर्थात किसी भी प्रकार की त्रुटिपूर्ण पुस्तिका स्वीकार न करें तथा उसी समय उसे लौटाकर उसके स्थान पर दूसरी सही प्रश्न-पुस्तिका ले लें । इसके लिए आपको पाँच मिनट दिये जायेंगे । उसके बाद न तो आपकी प्रश्न-पुस्तिका वापस ली जायेगी और न ही आपको अतिरिक्त समय दिया जायेगा ।**
   (iii) इस जाँच के बाद प्रश्न-पुस्तिका का नंबर OMR पत्रक पर अंकित करें और OMR पत्रक का नंबर इस प्रश्न-पुस्तिका पर अंकित कर दें ।
   (iv) प्रश्न पुस्तिका नं. और OMR पत्रक नं. समान होने चाहिए । यदि नंबर भिन्न हों, तो परीक्षार्थी प्रश्न-पुस्तिका / OMR पत्रक बदलने के लिए निरीक्षक को तुरंत सूचित करें ।
4. प्रत्येक प्रश्न के लिए चार उत्तर विकल्प (1), (2), (3) तथा (4) दिये गये हैं । आपको सही उत्तर के वृत्त को पेन से भरकर काला करना है जैसा कि नीचे दिखाया गया है :
   **उदाहरण :** ① ② ● ④
   जबकि (3) सही उत्तर है ।
5. प्रश्नों के उत्तर **केवल प्रश्न पुस्तिका के अन्दर दिये गये OMR पत्रक पर ही** अंकित करने हैं । यदि आप OMR पत्रक पर दिये गये वृत्त के अलावा किसी अन्य स्थान पर उत्तर चिह्नांकित करते हैं, तो उसका मूल्यांकन नहीं होगा ।
6. अन्दर दिये गये निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें ।
7. कच्चा काम (Rough Work) इस पुस्तिका के अन्तिम पृष्ठ पर करें ।
8. यदि आप OMR पत्रक पर नियत स्थान के अलावा अपना नाम, रोल नम्बर, फोन नम्बर या कोई भी ऐसा चिह्न जिससे आपकी पहचान हो सके, अंकित करते हैं अथवा अभद्र भाषा का प्रयोग करते हैं, या कोई अन्य अनुचित साधन का प्रयोग करते हैं, जैसे कि अंकित किये गये उत्तर को मिटाना या सफेद स्याही से बदलना तो परीक्षा के लिये अयोग्य घोषित किये जा सकते हैं ।
9. आपको परीक्षा समाप्त होने पर मूल OMR पत्रक निरीक्षक महोदय को लौटाना आवश्यक है और परीक्षा समाप्ति के बाद उसे अपने साथ परीक्षा भवन से बाहर न लेकर जायें । हालांकि आप परीक्षा समाप्ति पर मूल प्रश्न-पुस्तिका अपने साथ ले जा सकते हैं ।
10. **काले बाल प्वाईंट पेन का ही इस्तेमाल करें ।**
11. **किसी भी प्रकार का संगणक (कैलकुलेटर) या लाग टेबल आदि का प्रयोग वर्जित है ।**
12. **गलत उत्तरों के लिए कोई नकारात्मक अंक नहीं हैं ।**
13. यदि अंग्रेजी या हिंदी विवरण में कोई विसंगति हो, तो अंग्रेजी विवरण अंतिम माना जाएगा ।

## TRIBAL AND REGIONAL LANGUAGE & LITERATURE
## PAPER – III

**Note :** This paper contains **seventy five (75)** objective type questions of **two (2)** marks each. **All** questions are compulsory.

Read the following passage with attention and answer questions number **1** to **5 :**

That very time the wishes of Swamiji started to be fulfilled. He wished to help the women folk of India for long. Although women in India were very pious and having all good traits, yet they were neither very educated nor were they active in the outer world. Swamiji was of the opinion that education is must for them, only then they would be able to address their problems. So, he was very happy when Bagini Nivedita started her work. She had come to India to help women of this country and set up a school for girls.

**1.** What will be the correct heading of the passage ?

(1) Helping women
(2) Indian women
(3) Women Education
(4) Sanctity of women

**2.** Whose wishes started to be fulfilled ?

(1) Those of Indian women
(2) Those of Swamiji
(3) Those of Bhagini Nivedita
(4) Those of None

**3.** Indian women were :

(1) more educated
(2) virtuous
(3) more meritorious
(4) very pious and virtuous

**4.** It was necessary to impart education to

(1) children
(2) males
(3) Indian females
(4) None

**5.** Who among the following opened school for girls ?

(1) Bhagini Nivedita
(2) Swamiji
(3) Educated Indian Women
(4) None

www.prepp.in

prepp
Your Personal Exams Guide

# जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा-साहित्य

## प्रश्नपत्र – III

**निर्देश :** इस प्रश्नपत्र में **पचहत्तर** (75) बहु-विकल्पीय प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न के **दो (2)** अंक हैं । **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं ।

निम्नलिखित परिच्छेद को ध्यान से पढ़ें और प्रश्न संख्या **1** से **5** का उत्तर दें :

इसी समय स्वामीजी की इच्छाएँ पूर्ण होने लगीं । वे बहुत दिनों से भारत की नारियों की सहायता करना चाहते थे । यद्यपि भारतीय नारियाँ बहुत पवित्र एवं सद्‌गुण-सम्पन्ना थीं, वे अधिक शिक्षित न थीं तथा बाह्य संसार में अधिक क्रियाशील भी न थीं । स्वामीजी का विचार था कि उन्हें शिक्षा देना आवश्यक है; तब वे स्वयं अपनी समस्याओं का समाधान कर लेंगी । इसीलिए जब भगिनी निवेदिता ने अपना कार्य शुरू किया तो वे बहुत खुश हुए । वे भारतीय नारियों की सहायता करने भारत आयीं थीं और अब उन्होंने लड़कियों के लिए एक स्कूल खोला था ।

**1.** इस परिच्छेद का उपयुक्त शीर्षक क्या होगा ?

(1) नारियों की सहायता
(2) भारतीय नारियाँ
(3) नारी शिक्षा
(4) नारियों की पवित्रता

**2.** किनकी इच्छाएँ पूर्ण होने लगी थीं ?

(1) भारतीय नारियों की
(2) स्वामी जी की
(3) भगिनी निवेदिता की
(4) किसी की नहीं

**3.** भारतीय नारियाँ कैसी थीं ?

(1) अधिक शिक्षित थीं ।
(2) अधिक सम्पन्ना थीं ।
(3) अधिक क्रियाशील थीं ।
(4) बहुत पवित्र एवं सद्‌गुण-सम्पन्ना थीं ।

**4.** किन्हें शिक्षा देना आवश्यक था ?

(1) बच्चों को
(2) पुरुषों को
(3) भारतीय महिलाओं को
(4) किसी को नहीं

**5.** लड़कियों के लिए किसने स्कूल खोला था ?

(1) भगिनी निवेदिता ने
(2) स्वामी जी ने
(3) शिक्षित भारतीय महिलाओं ने
(4) किसी ने नहीं

6. Who is presently the minister for Human Resource Development in Jharkhand ?

(1) Dr. Louis Marandi (2) Dr. Neera Yadav

(3) Sri. Sudesh Mahto (4) Smt. Geeta Shri Oraon

7. What is a 'Marang Buru' ?

(1) Waterfall (2) Forest

(3) Water spring (4) Mountain

8. What is 'Masana' ?

(1) A place where paddy is husked

(2) Dobha

(3) A burial place for dead

(4) A place for installation of stone

9. The dialects Asuri, Birhori and Bhumig belong to which language family ?

(1) Munda family (2) Dravid family

(3) Aryan language family (4) None of the above

10. Who are the scholars to have written on Asur ?

(1) Ruben (2) Elbin

(3) Hutton (4) All of the above

11. The traditional profession of Malar is

(1) to prepare floral garlands

(2) to make metallic objects like 'Paila'

(3) to make floral Bouquet

(4) to make bronze utensils

**6.** झारखंड में सम्प्रति मानव-संसाधन विकास मंत्री कौन हैं ?

(1) डॉ. लोइस मरांडी (2) डॉ. नीरा यादव

(3) श्री सुदेश महतो (4) श्रीमती गीताश्री उराँव

**7.** 'मराङबुरू' क्या है ?

(1) जलप्रपात (2) जंगल

(3) झरना (4) पहाड़

**8.** 'मसना' क्या है ?

(1) धान मिसने की जगह

(2) डोभा

(3) मृतक को दफनाने की जगह

(4) पत्थर गाड़ने की जगह

**9.** असुरी, बिरहोरी और भूमिज किस परिवार की भाषाएँ हैं ?

(1) मुण्डा परिवार की (2) द्रविड़ परिवार की

(3) आर्य भाषा परिवार की (4) इनमें से किसी की नहीं

**10.** असुर पर लिखने वाले विद्वान कौन हैं ?

(1) रूबेन (2) एलबीन

(3) हट्टन (4) इनमें से सभी

**11.** मलार का परंपरागत पेशा क्या है ?

(1) माला बनाना ।

(2) 'पैला' आदि धातु के सामान बनाना ।

(3) फूलों का गुलदस्ता बनाना ।

(4) काँसे का बरतन बनाना ।

**12.** Which tribes had migrated to Jharkhand from Rohtas Garh ?

(1) Oraon
(2) Khariya
(3) Munda
(4) All of the above

**13.** Who was hanged before Ranchi District School on April 16, 1858 ?

(1) Sheikh Bheckhari
(2) Nadir Ali Khan
(3) Thakur Vishwanath Shahdeo
(4) Pande Ganapat Rai

**14.** Maharaja Madra Munda was the ruler of which of the following place ?

(1) Sutiyambe
(2) Korambe
(3) Pithoria
(4) None of the above

**15.** Among the two statements given below, one is called Assertion (A) and the other is Reason (R) :

**Assertion (A) :** Soharai is a general festival celebrated by all tribals and Sadans.

**Reason (R) :** Because none of the above communities worship their livestock.

**Codes :**

(1) (A) and (R) both are true.
(2) (A) and (R) both are false.
(3) (A) is true but (R) is false.
(4) (A) is false and (R) is true.

**16.** Which eminent scholar of language, literature Art and Culture and Historian of Jharkhand has recently passed away on August 14, 2016 ?

(1) Dr. Ram Dayal Munda
(2) Dr. Biseshwar Prasad Keshari
(3) Lakhi Kant Mahto
(4) Acharya Mrityunjay Nath Sharma

Prepp Your Personal Exam Guide

**12.** रोहतास गढ़ से कौन-कौन सी जातियाँ झारखंड आयी थीं ?

(1) उराँव
(2) खड़िया
(3) मुण्डा
(4) इनमें से सभी

**13.** 16 अप्रैल, 1858 को किसको राँची जिला स्कूल के सामने फाँसी दी गई थी ?

(1) शेख भिखारी
(2) नादिर अली खान
(3) ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव
(4) पाण्डे गणपत राय

**14.** महाराजा मदरा मुण्डा कहाँ के शासक थे ?

(1) सुतियाम्बे
(2) कोराम्बे
(3) पिठोरिया
(4) इनमें से कहीं के नहीं

**15.** निम्नलिखित में अभिकथन (A) और कारण (R) का कौन सा समूह सर्वाधिक उपयुक्त है ? दिए गए हैं :

**अभिकथन (A)** : सोहराई प्राय: सभी आदिवासी-सदानों का पर्व है ।

**कारण (R)** : क्योंकि दोनों समुदाय पशु-धन की पूजा नहीं करते ।

**कूट :**

(1) (A) और (R) दोनों सही हैं ।
(2) (A) और (R) दोनों सही नहीं हैं ।
(3) (A) सही है, और (R) सही नहीं है ।
(4) (A) सही नहीं है और (R) सही है ।

**16.** 14 अगस्त, 2016 को किस झारखंड के इतिहासकार भाषा, साहित्य, कला-संस्कृति आदि के विद्वान का निधन हुआ ?

(1) डॉ. राम दयाल मुण्डा
(2) डॉ. बिसेश्वर प्रसाद केशरी
(3) लखी कान्त महतो
(4) आचार्य मृत्युंजय नाथ शर्मा

17. Bin Bole Jhanjhanaye

Baat Bital Sansanaye

Akhiyan Hi Ghutal, Duniya Biraje

Pahil Piritiya Milal Aaje

Who's composition is this ?

(1) Parmanand Mahto (2) Dr. Karamchand Aheer

(3) Dr. B.P. Keshari (4) Dr. Ram Dayal Munda

18. The synonyms for Sun 'Bidi', 'Bedo', 'Beir' are written in which order according to the language they are picked up from :

(1) Kudukh, Mundari, Nagpuri (2) Kharia, Kudukh, Kurmali

(3) Kudukh, Khadia, Nagpuri (4) None of the above

19. Who was the founder ruler of 'Nagvamsa' in Chotanagpur ?

(1) Pundrik Nag (2) Phani Mukut Roy

(3) Mani Makut Roy (4) Durjan Shal

20. There are two statements, one is Assertion (A) and the other is Reason (R). Give answer by using the codes below :

**Assertion (A) :** Earlier almost all the social issues were used to resolved in Parha Panchayat.

**Reasoning (R) :** Because it took long to deliver justice in British court of law.

**Codes :**

(1) Both (A) and (R) are true.

(2) Both (A) and (R) are wrong.

(3) (A) is true, but (R) is wrong.

(4) (A) is wrong and (R) is true.

21. Which among the following aspects of language is true according to eminent French linguist Prof. De Sossure ?

(1) Individual aspect (2) Social aspect

(3) Universal aspect (4) All of the above

**17.** बिन बोले झनझनाए

बात बीतल सनसनाए

अखियाँ ही घूटल, दुनिया बिराजे

पहिल पिरीतिया मिलल आजे ।

ये किसकी रचना है ?

(1) परमानन्द महतो

(2) डॉ. करम चंद अहीर

(3) डॉ. बी.पी. केशरी

(4) डॉ. राम दयाल मुण्डा

**18.** सूर्य हेतु 'बीड़ी', 'बेड़ो', 'बेइर' किस भाषा का क्रमिक शब्द है ?

(1) कुड़ुख, मुण्डारी, नागपुरी
(2) खड़िया, कुड़ुख, कुरमाली
(3) कुड़ुख, खड़िया, नागपुरी
(4) किसी का नहीं

**19.** छोटानागपुर में नागवंश के संस्थापक शासक कौन थे ?

(1) पुण्डरीक नाग
(2) फणि मुकुट राय
(3) मणि मकुट राय
(4) दुर्जन शाल

**20.** निम्नलिखित में अभिकथन (A) और कारण (R) का कौन सा समूह सर्वाधिक उपयुक्त है ?

**अभिकथन (A)** : प्राय: सभी सामाजिक मामले पहले पड़हा पंचायत में ही निपटाए जाते थे ।

**कारण (R)** : क्योंकि अंग्रेजी अदालत में न्याय बहुत विलम्ब से होता है ।

**कूट :**

(1) (A) और (R) दोनों सही हैं ।

(2) (A) और (R) दोनों सही नहीं हैं ।

(3) (A) सही है, और (R) सही नहीं है ।

(4) (A) सही नहीं है और (R) सही है ।

**21.** प्रसिद्ध फ्रेंच भाषा विज्ञानी प्रो. द सोस्युर के अनुसार भाषा के कौन से पक्ष सही हैं ?

(1) वैयक्तिक पक्ष
(2) सामाजिक पक्ष
(3) सार्वभौमिक पक्ष
(4) इनमें से सभी

**22.** Which among the following is true ?

(1) Language is not the best light.

(2) Language is unable to hold the society together in one thread.

(3) Language is not omnipresent.

(4) Language is over lasting treasure of human being.

**23.** 'Gaveshna' word is presently use to mean :

(1) Want of cow (2) Search of cow

(3) To undertake research work (4) None of the above

**24.** Change of place leads to difference in meaning, which among the following is exact answer ?

(1) Husband's House (Pati Grih) = Grihswami

(2) House owner (Grih Pati) = Sasural

(3) King's Palace (Raj Grih) = Mahal

(4) House of State (Grih Rajya) = Ghar Ka Raja

**25.** Which one of the following is correct type of sentences ?

(1) Difference pertaining to form.

(2) Difference pertaining to composition and meaning.

(3) Difference pertaining to action and style.

(4) All of the above

**26.** 'Goshala' is an example of

(1) Contraction of meaning (2) Expansion of meaning

(3) Transference of meaning (4) None of the above

**27.** L. Bloomfield is

(1) Ethnologist (2) Anthropologist

(3) Linguist (4) None of the above

22. इनमें कौन सही है ?

(1) भाषा सर्वोत्तम ज्योति नहीं है ।

(2) भाषा समाज को एक सूत्र में बाँधने में असमर्थ है ।

(3) भाषा सर्वव्यापक नहीं है ।

(4) भाषा मानव की अक्षय निधि है ।

23. 'गवेषणा' शब्द का प्रयोग सम्प्रति किस अर्थ में प्रयुक्त होता है ?

(1) गाय चाहना
(2) गाय खोजना
(3) शोध-कार्य करना
(4) किसी अर्थ में नहीं

24. स्थान भेद से अर्थ में अन्तर हो जाता है इसका सटीक उत्तर कौन है ?

(1) पतिगृह – गृहस्वामी

(2) गृहपति – ससुराल

(3) राजगृह – महल

(4) गृहराज्य – घर का राजा

25. वाक्यों के प्रकार में कौन सा सही है ?

(1) आकृति मूलक भेद

(2) रचना मूलक और अर्थ मूलक भेद

(3) क्रिया और शैली मूलक भेद

(4) इनमें से सभी

26. 'गोशाला' किसका उदाहरण है ?

(1) अर्थ संकोच
(2) अर्थ विस्तार
(3) अर्थादेश
(4) किसी का नहीं

27. एल. ब्लूमफील्ड क्या है ?

(1) जातिविज्ञानी
(2) मानवविज्ञानी
(3) भाषाविज्ञानी
(4) इनमें से कोई नहीं

**28.** Kh, Cha, Tha, The, Pha are phonetic (varn) of

(1) Alp Pran (2) Maha Pran

(3) Anunasik (4) Antastha

**29.** Match the List – I with List – II and give your answer using the codes given below the list :

| | **List – I** | | **List – II** |
|---|---|---|---|
| a. | In the religious environment | i. | Mahabharat |
| b. | In the political environment | ii. | Brihaspati |
| c. | In satirical use | iii. | Surdas |
| d. | To avoid ominous | iv. | Dakshina |

**Codes :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (1) | iv | i | ii | iii |
| (2) | i | iii | iv | ii |
| (3) | ii | iv | i | iii |
| (4) | iii | i | ii | iv |

**30.** Which among the following is not true ?

(1) In a syllabic script sign denotes a syllable not an alphabet.

(2) In an alphabetical sign expresses alphabet.

(3) Roman Script is an alphabetical script.

(4) Deonagri is not a syllabic script.

**31.** "No country can make progress with the help of foreign language." Who has stated this ?

(1) Mahatma Gandhi

(2) Pandit Jawaharlal Nehru

(3) Lokmanya Tilak

(4) Chakravarti Rajgopalachari

**28.** ख छ ठ थ फ किस प्रकार की ध्वनि (वर्ण) हैं ?

(1) अल्पप्राण (2) महाप्राण

(3) अनुनासिक (4) अन्तस्थ

**29.** सही मिलान की पहचान करें :

| | **सूची – I** | | **सूची – II** |
|---|---|---|---|
| a. | धार्मिक परिवेश में | i. | महाभारत |
| b. | राजनीतिक परिवेश में | ii. | बृहस्पति |
| c. | व्यंग्य प्रयोग में | iii. | सूरदास |
| d. | अशुभ परिहार हेतु | iv. | दक्षिणा |

**कूट :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (1) | iv | i | ii | iii |
| (2) | i | iii | iv | ii |
| (3) | ii | iv | i | iii |
| (4) | iii | i | ii | iv |

**30.** इनमें कौन सही नहीं है ?

(1) अक्षरात्मक लिपि में चिह्न किसी अक्षर को व्यक्त करता है, वर्ण को नहीं ।

(2) वर्णात्मक में चिह्न वर्ण को व्यक्त करता है ।

(3) रोमन लिपि वर्णात्मक है ।

(4) देननागरी अक्षरात्मक लिपि में नहीं आती है ।

**31.** "कोई भी देश किसी भी विदेशी भाषा से विकास नहीं कर सकता ।" ये कथन किनका है ?

(1) महात्मा गांधी

(2) पंडित जवाहर लाल नेहरू

(3) लोक मान्य तिलक

(4) चक्रवर्ती राजगोपालाचारी

prepp
Your Personal Exams Guide

**32.** To which language family Prakreet, Paali and Apbhransha belong ?

(1) Agneya
(2) Dravidian
(3) Aryan
(4) South-Eastern Asian

**33.** Which of the following is not correct ?

(1) A group of words which conveys complete meaning is called a sentence.
(2) The smallest complete meaningful unit of a language is called a sentence.
(3) A sentence is not a unit of a language, its unit is rather a group of words or a term.
(4) A complete term (pada) alone in several languages works for the whole sentence.

**34.** "Aham rashtree sangamani Vasunaam" means language is a power that builds the nation and plays a role of a coordinator. This mantra (richa) is contained in

(1) The Rigveda
(2) The Samveda
(3) The Yajurveda
(4) The Atharveda

prepp Your Personal Exam Guide

**35.** The smallest meaningful unit of a sentence is called

(1) Rupgram (Rupim)
(2) Dhwani gram
(3) Artha
(4) None of the above

**36.** Who translated the stories of Rabindra Nath and Tolstoy into Tamil ?

(1) Ranganath
(2) Subramaniyam Bharati
(3) Jagannathan
(4) Dewan

**32.** प्राकृत, पाली एवं अपभ्रंश किस भाषा परिवार की हैं ?

(1) आग्नेय (2) द्रविड़

(3) आर्य (4) दक्षिण-पूर्व एशियाई

**33.** निम्नांकित में कौन-सा सही नहीं है ?

(1) पूर्ण अर्थ की प्रतीति कराने वाले शब्द समूह को वाक्य कहते हैं ।

(2) भाषा की लघुतम पूर्ण सार्थक इकाई को वाक्य कहते हैं ।

(3) भाषा की इकाई वाक्य नहीं है, शब्द समूह या पद है ।

(4) अनेक भाषाओं में एक समस्त पद ही पूरे वाक्य का काम देता है ।

**34.** "अहं राष्ट्री संगमनी वसूनाम" का तात्पर्य है भाषा राष्ट्र निर्मात्री और समन्वित करने वाली शक्ति है । ये मंत्र (ऋचा) किस वेद की है ?

(1) ऋग्वेद (2) सामवेद

(3) यजुर्वेद (4) अथर्ववेद

**35.** वाक्य की सार्थक लघुतम इकाई को क्या कहते हैं ?

(1) रूपग्राम (रूपिम)

(2) ध्वनि ग्राम

(3) अर्थ

(4) इनमें से कोई नहीं

**36.** रवीन्द्रनाथ तथा तॉल्स्ताय की कहानियों को तमिल में किसने अनूवादित किया है ?

(1) रंगनाथ (2) सुब्रह्मण्य भारती

(3) जगन्नाथन् (4) देवन्

**37.** Identify the correct group :

| | **List – I (Authors)** | | **List – II (Books)** |
|---|---|---|---|
| a. | Tiruttakka Dewara | i. | Vivek Sindhu |
| b. | Mukund Raj | ii. | Mahabharata |
| c. | Sarla Das | iii. | Chandragupta |
| d. | Dwijendra Lal Rai | iv. | Cheevaka Chintamani |

**Codes :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (1) | iv | i | ii | iii |
| (2) | i | ii | iii | iv |
| (3) | ii | iii | iv | i |
| (4) | iii | iv | i | ii |

**38.** Identify the correct group :

| | **List – I (Books)** | | **List – II (Authors)** |
|---|---|---|---|
| a. | Uttar ram Charit | i. | Shudrak |
| b. | Mudrarakshas | ii. | Jaidev |
| c. | Geet Govind | iii. | Bhavabhuti |
| d. | Mrichhakatika | iv. | Vishakhadatta |

**Codes :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (1) | iii | iv | ii | i |
| (2) | iv | ii | i | iii |
| (3) | ii | i | iii | iv |
| (4) | i | iii | iv | ii |

**39.** Subramaniyam Bharati and Rajgopalachari are the literary figures of the language :

(1) Telugu (2) Malayalam

(3) Kannada (4) Tamil

**37.** सही मिलान करें :

| **सूची – I** (रचनाकार) | | **सूची – II** (रचना) | |
|---|---|---|---|
| a. | तिरुत्तक्कदेवर | i. | विवेक सिन्धु |
| b. | मुकुन्दराज | ii. | महाभारत |
| c. | सारलादास | iii. | चन्द्रगुप्त |
| d. | द्विजेन्द्र लाल राय | iv. | चीवक चिन्तामणि |

**कूट :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (1) | iv | i | ii | iii |
| (2) | i | ii | iii | iv |
| (3) | ii | iii | iv | i |
| (4) | iii | iv | i | ii |

**38.** सही मिलान करें :

| **सूची – I** (रचना) | | **सूची – II** (रचनाकार) | |
|---|---|---|---|
| a. | उत्तररामचरित | i. | शूद्रक |
| b. | मुद्राराक्षस | ii. | जयदेव |
| c. | गीत गोविंद | iii. | भवभूति |
| d. | मृच्छकटिक | iv. | विशाखदत्त |

**कूट :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (1) | iii | iv | ii | i |
| (2) | iv | ii | i | iii |
| (3) | ii | i | iii | iv |
| (4) | i | iii | iv | ii |

**39.** सुब्रह्मण्य भारती और राजगोपालाचारी किस भाषा के साहित्यकार हैं ?

(1) तेलुगु  (2) मलयालम

(3) कन्नड़  (4) तमिल

**40.** Who is the author of 'Soundaryalahari' ?

(1) Kalidas (2) Gunadhya

(3) Shankaracharya (4) Dandi

**41.** During which era (Kal) Hindi literature had all round growth ?

(1) Shringar Kal (2) Adhunik Kal

(3) Uttar-Madhya Kal (4) Adi Kal

**42.** The main theme of the 'Chitralekha' written by Bhagawati Charan Varma is

(1) Vices and virtues (2) Freedom struggle

(3) Communist ideology (4) None of the above

**43.** The type of writings written mainly during the era of Samwats 1375 to 1700 is

(1) Veerata parak (2) Shringar parak

(3) Bhakti parak (4) Navjagaran parak

**44.** Which of the following is authored by Ramdhari Singh Dinkar ?

(1) Saket (2) Urvashi

(3) Andhra Yug (4) Chitradhar

**45.** Which of the following book contains a combination of Tamil Grammar and Kavya Shastra ?

(1) Keelkanakku (2) Pattuppattu

(3) Ettuttogai (4) Tolakappiyam

**46.** Who is considered the best among the authors of Bengali Mahabharata ?

(1) Badshah Hussain Shah (2) Kashi Ram Das

(3) Maladhar Vasu (4) Krishna Das

**40.** 'सौंदर्यलहरी' के रचनाकार कौन हैं ?

(1) कालिदास (2) गुणाढ्य

(3) शंकराचार्य (4) दण्डी

**41.** किस काल में हिन्दी साहित्य की चतुर्दिक उन्नति हुई ?

(1) शृंगार काल (2) आधुनिक काल

(3) उत्तर-मध्यकाल (4) आदिकाल

**42.** भगवतीचरण वर्मा कृत 'चित्रलेखा' उपन्यास का मुख्य विषय क्या है ?

(1) पाप और पुण्य

(2) स्वतंत्रता आन्दोलन

(3) साम्यवादी विचारधारा

(4) इनमें से कोई नहीं

**43.** सं. 1375 से 1700 के काल में किस प्रकार की रचनाएँ प्रमुखता से लिखी गयीं ?

(1) वीरता परक (2) शृंगार परक

(3) भक्तिपरक (4) नवजागरण परक

**44.** रामधारी सिंह दिनकर की कौन-सी रचना है ?

(1) साकेत (2) ऊर्वशी

(3) अंधायुग (4) चित्राधार

**45.** तमिल व्याकरण और काव्यशास्त्र दोनों का समन्वय किस ग्रंथ में मिलता है ?

(1) कील्कणक्कु (2) पत्तुप्पाट्टु

(3) एट्टुत्तोगै (4) तोलकाप्पियम्

**46.** बंगला महाभारत के लेखकों में किसे सर्वश्रेष्ठ माना जाता है ?

(1) बादशाह हुसैन शाह (2) काशीराम दास

(3) मालाधर वसु (4) कृष्ण दास

prepp Your Personal Exam Guide

47. Who is called the father of modern Assamese prose ?

(1) Hemchandra Barua

(2) Gunabhi Ram Barua

(3) Lakshmi Nath Bejbarua

(4) Padmnath Gosain Barua

48. Who's translation of 'Bhagwat Puran' into Oriya has made it an immortal scripture ?

(1) Sarla Das (2) Upendra Bhanj

(3) Jagannath Das (4) Abhimanyu Samant

49. Who was the editor of the periodical 'Jharkhand' published since 1937-38 ?

(1) Radhakrishna (2) Doman Sahu Sameer

(3) Julius Tigga (4) Badaik Ishwari Prasad Singh

50. Who was the editor of the newspaper "Abua Jharkahnd" ?

(1) Jaypal Singh (2) Ignes Bek and Ignes Kujur

(3) N.E. Horo (4) Gopal Das Munjaal

51. Who was the first to term art as an 'imitation' ?

(1) Aristotle (2) Socrates

(3) Plato (4) Homer

52. Which of the following is the most suitable factor of 'Kavya hetu' ?

(1) Pratibha (2) Vyutapatti

(3) Abhyas (4) All these three

53. What are the main defects (doshas) of Kavya ?

(1) All the three doshas below (2) Shabda dosha

(3) Artha dosha (4) Rasa dosha

**47.** आधुनिक असमिया गद्य के जन्मदाता किसे माना जाता है ?

(1) हेमचन्द्र बरूआ

(2) गुणाभिराम बरूआ

(3) लक्ष्मीनाथ बेजबरूआ

(4) पद्मनाथ गोसांई बरूआ

**48.** 'भागवत पुराण' का उड़िया में रूपान्तर कर किसके अमरकृति बना दिया ?

(1) सारलादास (2) उपेन्द्र भंज

(3) जगन्नाथ दास (4) अभिमन्यु सामन्त

**49.** 1937-38 से प्रकाशित 'झारखंड' पत्रिका के संपादक कौन थे ?

(1) राधाकृष्ण (2) डोमन साहु समीर

(3) जुलियस तिग्गा (4) बड़ाईक ईश्वरी प्रसाद सिंह

**50.** "अबुआ झारखंड" पत्र के संपादक कौन थे ?

(1) जयपाल सिंह

(2) इग्नेस बेक और इग्नेस कुजूर

(3) एन.ई. होरो

(4) गोपाल दास मुंजाल

**51.** सर्वप्रथम कला को 'अनुकरण' किसने कहा ?

(1) अरस्तू (2) सुकरात

(3) प्लेटो (4) होमर

**52.** काव्य हेतु के कौन से कारण सर्वाधिक सही हैं ?

(1) प्रतिभा (2) व्युत्पत्ति

(3) अभ्यास (4) उपर्युक्त तीनों

**53.** काव्य के कौन से दोष प्रमुख हैं ?

(1) नीचे के तीनों दोष (2) शब्द दोष

(3) अर्थ दोष (4) रस दोष

**54.** 'Rahiman pani rakhiyo, bin pani sab soon
Pani gaye na ubare moti, manus choon'

Which figure of speech (alankar) is in it ?

(1) Sabhang Shlesha alankar

(2) Vakrokti alankar

(3) Punaruktavadabhas alankar

(4) Abhanga shlesh alankar

**55.** Which rasa is in the following ?

Kahat natat reejhhat Kheejhhat milat Khilat laziyat

Bhare bhaun mein karat hain nainan hee son baat.

(1) Sanyog Shringar (2) Adbut rasa

(3) Hasya rasa (4) Viyog shringar

**56.** Match the following lists and give your answer using the codes given below the lists :

| | **List – I (Author)** | | **List – II (Books)** |
|---|---|---|---|
| a. | Abhinav Gupt | i. | Kavya Prakash |
| b. | Mammat | ii. | Vakrokti Jeevit |
| c. | Kuntak | iii. | Kavya Meemansa |
| d. | Rajshekhar | iv. | Abhinav Bharati |

**Codes :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (1) | iii | iv | ii | i |
| (2) | ii | i | iv | iii |
| (3) | iv | i | ii | iii |
| (4) | i | iii | iv | ii |

Prepp
Your Personal Exams Guide

**54.** 'रहिमन' पानी राखिये, बिन पानी सब सून ।

पानी गये न उबरै मोती, मानुस, चून ।।

इसमें कौन-सा अलंकार है ?

(1) सभंग श्लेष अलंकार

(2) वक्रोक्ति अलंकार

(3) पुनरुक्तवदाभास अलंकार

(4) अभंग श्लेष अलंकार

**55.** इसमें कौन-सा रस है ?

कहत नटत रीझत खिझत मिलत खिलत लजियात ।

भरे भौन में करत हैं नैनन ही सों बात ।।

(1) संयोग शृंगार (2) अद्‌भुत रस

(3) हास्य रस (4) वियोग शृंगार

**56.** सही मिलान करें :

| | **सूची – I (ग्रंथकार)** | | **सूची – II (ग्रंथ)** |
|---|---|---|---|
| a. | अभिनव गुप्त | i. | काव्य प्रकाश |
| b. | मम्मट | ii. | वक्रोक्ति जीवित |
| c. | कुन्तक | iii. | काव्यमीमांसा |
| d. | राजशेखर | iv. | अभिनव भारती |

**कूट :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (1) | iii | iv | ii | i |
| (2) | ii | i | iv | iii |
| (3) | iv | i | ii | iii |
| (4) | i | iii | iv | ii |

Prepp Your Personal Exam Guide

**57.** Which of the following 'Chand' contains 11 matras in odd stages (Visham Charan) and 13 Matras in even stages (Sam Charan) ?

(1) Doha (2) Sortha

(3) Chaupai (4) Geetika

**58.** Which among the following is indicated by 'Yamataraj Bhansalga" formula ?

(1) Small (Laghu) (2) Big (Guru)

(3) Chand (4) Gan

**59.** Which word is missing in the text given below :

'Beauty is truth and ______ is beauty. That is all we know on earth and all we need to know.' – Keats.

(1) Truth (2) Beautiful

(3) Sweet (4) Auspicious

**60.** Among the two statements given below one is called Assertion (A) and the other one is Reason (R) :

**Assertion (A) :** A poet while composing his poetry also uses his intellect along with his emotions.

**Reason (R) :** Therefore emotions, Intellect and imaginations – all the elements are included in the process of creation.

Use the code given below to find the right answer :

**Codes :**

(1) (A) and (R) both are false.

(2) (A) and (R) both are true.

(3) (A) is true but (R) is false.

(4) (A) is false and (R) is true.

**61.** Match List –I with List – II and give right answer with the help of codes given below :

| | **List – I** | | **List - II** |
|---|---|---|---|
| a. | Moral stories | i. | Story of the origin of Naga Vansha |
| b. | Mythology | ii. | Panchatantra |
| c. | Legend | iii. | Stories of animals and birds |
| d. | Fable | iv. | Stories of the origin of the world |

**Codes :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (1) | i | ii | iii | iv |
| (2) | iv | iii | ii | i |
| (3) | ii | iv | i | iii |
| (4) | iii | i | iv | ii |

**57.** विषम चरणों में 11 और सम चरणों में 13 मात्राएँ किस छंद में होती हैं ?

(1) दोहा (2) सोरठा

(3) चौपाई (4) गीतिका

**58.** "यमाताराजभानसलगा" सूत्र से किसकी जानकारी होती है ?

(1) लघु (2) गुरु

(3) छंद (4) गण

**59.** रिक्त स्थान पर उपयुक्त शब्द कौन-सा है ?

सौंदर्य ही चिरंतन सत्य है और _______ ही एक मात्र सौंदर्य है । इस धरती पर केवल यही सत्य दीखता है और केवल इसी सत्य को जानना आवश्यक है । – कीट्स

(1) सत्य (2) सुंदर

(3) मधुर (4) मंगल

**60.** निम्नलिखित में अभिकथन (A) और कारण (R) का कौन सा समूह सर्वाधिक उपयुक्त है ?

**अभिकथन (A)** : कवि सृजन कर्म में भावना के साथ बुद्धि का भी उपयोग करता है ।

**कारण (R)** : फलत: भावना, कल्पना, बुद्धि सभी का समावेश सृजन प्रक्रिया में हो जाता है ।

सही उत्तर ज्ञात करने के लिए नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कीजिए :

**कूट :**

(1) (A) और (R) दोनों सही नहीं हैं ।

(2) (A) और (R) दोनों सही हैं ।

(3) (A) सही है, और (R) सही नहीं है ।

(4) (A) सही नहीं है और (R) सही है ।

**61.** सही मिलान करें :

| | **सूची – I** | | **सूची – II** |
|---|---|---|---|
| a. | नीतिकथाएँ | i. | नागवंश-उत्पत्ति कथा |
| b. | मिथक | ii. | पंचतंत्र |
| c. | अवदान | iii. | पशु-पक्षी की कथा |
| d. | फेबुल | iv. | सृष्टि कथाएँ |

**कूट :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (1) | i | ii | iii | iv |
| (2) | iv | iii | ii | i |
| (3) | ii | iv | i | iii |
| (4) | iii | i | iv | ii |

**62.** What is the most prime feature of a saying ?

(1) Sayings depict common sense of a community.

(2) Sayings are mines of village wisdom.

(3) Sayings express observation of the Nature.

(4) One can understand the ideology, knowledge and culture of the people of a particular nation through their 'sayings'.

**63.** Find the right answer of the given riddle :

'Janma Liya Jangal Mein
Aa gaya sajjan ke Ghar
Aatho angon Mein Shringar Kiya
Itne Sunder tan ko
Kutta le jaye Ghasset'

(1) Wood

(2) Flower

(3) Pattal (A Plate made of Dry leaves)

(4) None of the above

**64.** 'Karo to Kisi Ka Bhala Karo |
Par Bura Kisi Ka Na Karo ||'

What genre is this ?

(1) Saying (2) Riddle

(3) Phrase (4) Child Rhyme

prepp Your Personal Exam Guide

**65.** According to the three language formula, which among the following order is correct for education ?

(1) Native language – State language – National language

(2) Language at Home – Ancient language – Modern language

(3) Mother tongue – State language – Official language

(4) Mother tongue – National language (Hindi) – International language (English)

**62.** लोकोक्ति की सबसे सही विशेषता क्या है ?

(1) लोकोक्ति जन समुदाय का सामान्य ज्ञान है ।

(2) लोकोक्ति गाँवों के ज्ञान की खान है ।

(3) लोकोक्ति प्रकृति निरीक्षण को प्रकट करता है ।

(4) लोकोक्तियों से किसी देश की जनता की विचारधारा, ज्ञान और संस्कृति का सुगमता से पता लगाया जा सकता है ।

**63.** इस पहेली का सही उत्तर पहचाने :

"जन्म लिया जंगल में
आ गया सज्जन के घर
आठों अंगों में श्रृंगार किया
इतने सुंदर तन को
कुत्ता ले जाए घसीट"

(1) लकड़ी
(2) फूल
(3) पत्तल
(4) इनमें से कोई नहीं

**64.** करो तो किसी का भला करो ।
पर बुरा किसी का न करो ।।
ये क्या है ?

(1) कहावत
(2) पहेली
(3) मुहावरा
(4) बाल गीत

**65.** त्रिभाषा सूत्र में शिक्षा के लिए कौन उपयुक्त है ?

(1) ग्रामीण भाषा - प्रान्तीय भाषा - देश भाषा

(2) घर की भाषा - प्राचीन भाषा - आधुनिक भाषा

(3) मातृभाषा - राज्य भाषा - राज भाषा

(4) मातृभाषा - राष्ट्र भाषा (हिन्दी) - अन्तर्राष्ट्रीय भाषा (अंग्रेजी)

**66.** Austric languages like Santhali, Ho, Khariya etc. are considered to have developed from which language family ?

(1) Dravid Family

(2) Mundari family

(3) Indo European family

(4) None of the above

**67.** Match List – I with List – II and tick the right answer from the codes given below :

| | **List – I (Author)** | | **List – II (Book)** |
|---|---|---|---|
| a. | W.G. Archer | i. | Munda Durang |
| b. | Dr. Ram Dayal Munda | ii. | Kuchh Kshan Tike Huye |
| c. | Dr. B.P. Keshari | iii. | Adivasi Astitva Aur Jharkhandi Asmita Ke Sawal |
| d. | Dawale Kujur | iv. | Munta-Poomp Jhunpa |

**Codes :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (1) | i | iii | ii | iv |
| (2) | iii | ii | iv | i |
| (3) | ii | iv | i | iii |
| (4) | iv | i | iii | ii |

**68.** Rev. P.O. Boading has done his famous study on which of the following language ?

(1) Kuramali

(2) Kharia

(3) Santhali

(4) Kurukh

**69.** Which among the following castes has traditional expertise in monkey catching ?

(1) Binjhia

(2) Bedia

(3) Birajia

(4) Birhore

**66.** संताली, हो, खड़िया आदि आग्नेय भाषाओं का विकास किससे हुआ बताया जाता है ?

(1) द्रविड़ कुल की भाषा से

(2) मुण्डारी कुल की भाषा से

(3) भारोपीय भाषा परिवार से

(4) किसी से नहीं

**67.** सही मिलान करें :

| **सूची – I** (पुस्तक के लेखक) | | **सूची – II** (पुस्तक का नाम) | |
|---|---|---|---|
| a. | डब्ल्यू.जी. आर्चर | i. | मुण्डा दुरंग |
| b. | डॉ. रामदयाल मुण्डा | ii. | कुछ क्षण टिके हुए |
| c. | डॉ. बी.पी. केशरी | iii. | आदिवासी अस्तित्व और झारखंडी अस्मिता के सवाल |
| d. | दवले कुजुर | iv. | मुंता-पूंप झुंपा |

**कूट :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (1) | i | iii | ii | iv |
| (2) | iii | ii | iv | i |
| (3) | ii | iv | i | iii |
| (4) | iv | i | iii | ii |

**68.** रेव.पी.ओ. बोडिंग किस भाषा पर महत्त्वपूर्ण कार्य किए हैं ?

(1) कुरमाली (2) खड़िया

(3) संताली (4) कुडुख़

**69.** बंदर पकड़ने में किस जाति का नाम सर्वोपरि है ?

(1) बिंझिया (2) बेदिया

(3) बिरजिया (4) बिरहोर

**70.** Who is the author of the book, "Main Jharkhand Mein Hoon" ?

(1) Bir Bharat Talwar (2) Biseshwar Prasad Keshari

(3) Balbir Dutt (4) None of the above

**71.** Which among the following is a book authored by Raja Upendra Nath Singh ?

(1) Jhoomar Sangeet (2) Prem Manjari

(3) Aadi Jhoomar Sangeet (4) Tusu Sangeet

**72.** The title of the book edited by Jyoti Lal Mahadani is

(1) Panchpargania Nupur

(2) Panchpargania Loka Katha

(3) Panchpargania Nibandh

(4) Panchpargania Bhasha

**73.** Who among the following is the author of 'Kursināmā : Mundaon Ka Nrijatiya Itihās' ?

(1) P.N.J. Poorti

(2) Dr. Mansiddha Badayawood

(3) Kashi Nath Singh Munda

(4) Sem Topno

**74.** Who has compiled the book 'Ho Durang Sangrah' ?

(1) Kanhu Ram Devgam (2) W.G. Archer

(3) Lako Bodra (4) Father Dainy

**75.** Who among the following is the author of 'Khortha Bhesha Ka Udbhav Aur Vikas' ?

(1) Chitranjan Mahto Chitra (2) Dr. Binod Kumar

(3) Dr. B.N. Ohdar (4) Beerbal Mahto

**70.** “मैं झारखण्ड में हूँ” के लेखक कौन हैं ?

(1) बीरभारत तलवार (2) बिसेश्वर प्रसाद केशरी

(3) बलवीर दत्त (4) इनमें से कोई नहीं

**71.** राजा उपेन्द्रनाथ सिंहदेव द्वारा लिखित पुस्तक कौन सी है ?

(1) झूमर संगीत (2) प्रेम मंजरी

(3) आदि झूमर संगीत (4) टुसू संगीत

**72.** ज्योतिलाल महादानी द्वारा संपादित पुस्तक का नाम क्या है ?

(1) पंचपरगनिया नुपूर

(2) पंचपरगनिया लोककथा

(3) पंचपरगनिया निबंध

(4) पंचपरगनिया भाषा

**73.** “कुर्सीनामा : मुण्डाओं का नृजातीय इतिहास” के लेखक का क्या नाम है ?

(1) पी.एन.जे. पुर्ति (2) डॉ. मानसिद्ध बड़ायऊद

(3) काशी नाथ सिंह मुण्डा (4) सेम तोपनो

**74.** “हो दुरंग संग्रह” किनकी संकलित पुस्तक है ?

(1) कान्हू राम देवगम (2) डब्ल्यू.जी. आर्चर

(3) लको बोदरा (4) फादर डेनी

**75.** “खोरठा भाषा का उद्‌भव और विकास” के लेखक कौन हैं ?

(1) चितरंजन महतो ‘चित्रा’ (2) डॉ. विनोद कुमार

(3) डॉ. बी.एन. ओहदार (4) बीरबल महतो

**Space For Rough Work**

Prepp Your Personal Exam Guide